University in News on 20 October 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दीक्षांत समारोह के दिन डिजी लॉकर पर अपलोड होंगी 53 हजार डिग्रियां

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि के दीक्षांत समारोह के दिन छह दिसंबर को एक साथ 53 हजार डिग्रियां डिजी लॉकर पर अपलोड होंगी। ऐसा पहली बार होगा जब लविवि एक साथ इतनी डिग्री डिजी लॉकर पर अपलोड करेगा। लविवि ने इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली है। दीक्षांत समारोह के दिन राज्यपाल और विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों इसकी शुरुआत होगी।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय स्पेस रिसर्च संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को आमंत्रित किया गया है। दीक्षांत समारोह में कुल 198 मेडल दिए जाएंगे। इनमें चांसलर सहित कुल 15 मेडल विश्वविद्यालय और बाकी पदक प्रायोजित होते हैं। दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित लगभग 53 हजार डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल तथा शासन के निर्देश के बाद सभी उपाधियों व उनके अंतिम सेमेस्टर के अंकपत्र भी डिजी लॉकर पर अपलोड किए जाने हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि संबंधित अभिलेख तुरंत देखे जा सकेंगे।

छह दिसंबर को होना है लखनऊ विवि का दीक्षांत समारोह

फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

लविवि के फर्जी अंकपत्र के काफी मामले पूर्व में आ चुके हैं। एसटीएफ के छापे के बाद एक मामले में कार्रवाई अभी जारी है। डिजी लॉकर पर अंकपत्र व डिग्री अपलोड होने का फायदा विद्यार्थियों संग लविवि को भी मिलेगा। नौकरियों में आने के बाद अंकपत्रों का सत्यापन होता है। डिजी लॉकर से इस प्रक्रिया में भी मदद मिलेगी।

निभा, कृति, उत्कर्ष व मानसी को मिलेगा मेडल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेडल पाने वाले मेधावियों की मेडल सूची जारी कर दी गई है। सामाजिक अध्ययन की अभ्यर्थी निभा निरंजन को रामेश्वर मेमोरियल गोल्ड मेडल व प्रो. बलजीत सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल मिलेगा। एमकाम की कृति को कैलाश नाथ भार्गव, एनएन विद्यार्थी मेडल व लाला शंकर गोल्ड मेडल मिलेगा। एमएससी के उत्कर्ष ओझा को सरोज दयाल गोल्ड मेडल, शांति देवी भाटिया मेमोरियल गोल्ड मेडल व वीके सक्सेना गोल्ड मेडल मिलेगा। अंग्रेजी विभाग की एमए की छात्रा मानसी गुप्ता को मंजु गोल्ड मेडल, कृष्णा सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल मिलेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 8

दीक्षांत के लिए 11 पदकों की सूची जारी

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से 66वें दीक्षांत समारोह के लिए 11 मेडल की सूची जारी कर दी गई है। गुरुवार को घोषित किए गए विद्यार्थियों को 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पदक देकर सम्मानित करेंगी।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि रामेश्वर गुरतु मेमोरियल गोल्ड मेडल एमए अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए निभा निरंजन को दिया गया है। वहीं एमए इकोनॉमिक्स में टॉप करने के लिए प्रो. बलजीत सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल भी निभा निरंजन को दिया गया है।

कृति, उत्कर्ष को तीन-तीन पदक

दीक्षांत समारोह के लिए कैलाशनाथ भार्गव गोल्ड मेडल एमकॉम पार्ट-2 में प्रथम आने के लिए कृति सिंह को दिया गया है। वहीं एमकॉम पार्ट-1 और पार्ट-2 में सबसे अधिक अंक लाने के लिए लाल शंकर सहाय- हर सहाय गोल्ड मेडल और एमकॉम अंतिम वर्ष में सर्वाधिक अंक लाने के लिए मिस्टर एंड मिसेज एनएन विद्यार्थी मेडल भी कृति को मिलेगा। जबकि एमएससी जियोलॉजी में प्रथम आने के लिए शांति देवी भाटिया मेमोरियल गोल्ड मेडल, सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए कैप्टन डॉ. वीके सक्सेना गोल्ड मेडल और सरोज दयाल गोल्ड मेडल भी उत्कर्ष ओझा को दिया गया है।

मानसी के लड़कियों में सबसे अधिक अंक

एमए अंग्रेजी की मानसी गुप्ता को लड़कियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए मंजू गोल्ड मेडल, अच्छे प्रदर्शन के लिए दयामोई शर्मा मेमोरियल गोल्ड मेडल और एमए अंग्रेजी में प्रथम आने के लिए कृष्णा सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल दिया जाएगा। मेधावियों को राज्यपाल दीक्षांत समारोह में सम्मानित करेंगी।

डिग्री, मार्कशीट डिजी लॉकर में अपलोड होंगी

लखनऊ। एलयू के दीक्षांत समारोह में इस बार राज्यपाल के एक क्लिक पर डीजी लॉकर में सभी डिग्रियां और मार्कशीट अपलोड हो जाएंगी। बीते वर्ष सिर्फ एक डिग्री व मार्कशीट अपलोड हुई थी।

एलयू में इस वर्ष 6 दिसंबर को 66वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि इस वर्ष 53 हजार विद्यार्थियों को डिग्री व मार्कशीट मिलेगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

सांस्कृतिक महोत्सव 50 से अधिक प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

लविवि में संस्कृति सुरभि की तैयारियां जोरों पर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

तैयारियों का जायजा लेते द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, प्रो .अनुराग श्रीवास्तव व अन्य।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय कैंपस जानकीपुरम में आयोजित होने वाले वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संस्कृति सुरभि की तैयारियां जोरों पर है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 50 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

गुरुवार को द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. बीडी सिंह,स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो.अनुराग श्रीवास्तव, लीगल शेल के डायरेक्टर, प्रो. आनन्द विश्वकर्मा, कैम्पस के उप कुलानुशासक प्रो. मोहम्मद अहमद खान, लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा एवं डायरेक्टर प्रो. सतीश पांडेय ने हो रही तैयारियों का जायजा लिया।

शिक्षक व छात्र रखें आपसी समन्वय-लखनऊ विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण की ओर से ओरिएंटेशन-सप्ताह का आयोजन किया और कार्यक्रम के चौथे दिन विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान, गणित, फोरेंसिक विज्ञान, भूविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण विज्ञान, आणविक और मानव आनुवंशिकी विभाग के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर संगीता साहू, अधिष्ठाता छात्र कल्याण के स्वागत भाषण से की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षक व छात्र आपसी समन्वय बनाकर रखें। इसके अलावा, प्रोफेसर विभूति राय, डीन विज्ञान संकाय ने छात्रों को अनुसंधान-गहन शैक्षणिक माहौल और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिभाशाली और अनुभवी संकायों के तालमेल का सर्वोत्तम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

i-NEXT PAGE 6

एलयू में 11 गोल्ड मेडल के लिए मेधावी चयनित

एलयू ने जारी की सूची, एमए की सर्वश्रेष्ठ छात्रा के लिए निभा निरंजन को मिलेगा गोल्ड मेडल

LUCKNOW (19 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह के लिए गुरुवार को 11 गोल्ड मेडल के लिए चयनित मेधावियों की सूची जारी कर दी है. विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में कुल 197 मेडल दिए जाएंगे.

इन्हें मिलेंगे ये मेडल

- **निभा निरंजन :** एमए की बेस्ट स्टूडेंट और एमए द्वितीय वर्ष इकोनामिक्स एवं सोशियोलजी में 84.79 प्रतिशत अंक के लिए रामेश्वर गुर्टू मेमोरियल गोल्ड मेडल, एमए इकोनामिक्स की मेरिट में प्रथम आने के लिए प्रो. बलजीत सिह मेमोरियल गोल्ड मेडल.
- **कीर्ति सिंह :** एम.काम द्वितीय वर्ष में 80.56 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम आने पर कैलाश नाथ भार्गव गोल्ड मेडल, एम.काम के कंबाइंड रिजल्ट में सर्वाधिक अंक के लिए लाला शंकर सहाय हर सहाय गोल्ड मेडल, एम.काम फाइनल में सर्वाधिक अंकों के लिए एनएन विद्यार्थी मेडल.

डिजिलाकर में अपलोड होंगी 53 हजार डिग्रियां

दीक्षा समारोह में इस बार 53 हजार छात्र-छात्राओं को डिग्रियां जाएंगी. कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर इन उपाधियों एवं उनके अंतिम सेमेस्टर के अंक पत्रों को भी डिजिलाकर पर अपलोड किए जाने कार्रवाई चल रही है.

- **उत्कर्ष ओझा :** एम.एस.एसी जियोलाजी प्रथम व द्वितीय वर्ष में मेरिट में पहले स्थान पर आने के लिए शांति देवी भाटिया मेमोरियल गोल्ड मेडल, एम.एस.एसी द्वितीय वर्ष जियोलाजी में सर्वाधिक अंक के लिए कैप्टन डा. वीके सक्सेना गोल्ड मेडल, पीजी स्तर पर सर्वाधिक अंक के लिए श्रीमती सरोज दयाल गोल्ड मेडल.

JAGRAN CITY PAGE I

तीन कालेजों को प्रवेश की अनुमति, एक में स्थगित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्तमान सत्र 2023-24 से ही स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत तीन महाविद्यालयों में कोर्स संचालन की अनुमति दे दी है। इनमें एलबीएस ला कालेज तिवारीगंज फैजाबाद रोड को विधि तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में दो-दो सेक्शन और बाबू सुंदर सिंह डिग्री कालेज निगोहा को तीन वर्ष के लिए बी.काम में 60 सीटों पर दाखिले की मंजूरी मिली है। वहीं, सिटी एकेडमी डिग्री कालेज तिवारीगंज चिनहट में इस बार बी.जे.एम.सी प्रथम वर्ष में प्रवेश स्थगित करते हुए कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिए हैं।

तिवारीगंज के एलबीएस ला कालेज ने स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विधि तीन और पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में सत्र 2023-24 से प्रवेश की अनुमति के लिए 22 सितंबर को लवि को पत्र भेजा था। अब लवि की ओर से अस्थायी सहयुक्तता के क्रम में इस कोर्स में दो-दो सेक्शन (60 सीट प्रत्येक) पर सहमति दिए जाने से प्रवेश लिए जा सकेंगे। इसके अलावा सुलतानपुर रोड स्थित स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज में बी.बी.ए कोर्स में 60 सीट के एक अतिरिक्त सेक्शन आवंटित करने की अनुमति भी दी गई है।

इस साल प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं : सिटी एकेडमी डिग्री कालेज तिवारीगंज चिनहट में बीजेएमसी पाठ्यक्रम संचालित है। कालेज प्रबंधन से इसमें प्रवेश स्थगित करने के लिए कहा था। अब इस कोर्स में भविष्य में प्रवेश लिए जाने से पहले कालेज प्रबंधन को फिर से नियमानुसार अनुमति लेनी होगी। इसी शर्तों के अनुसार लवि ने पहले से संचालित इस कोर्स में वर्तमान सत्र में प्रथम वर्ष से प्रवेश स्थगित करने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है।

बी.एल.एड, बी.पी.एड, एम.पी. एड में प्रवेश कल तक : लवि से जुड़े डिग्री कालेजों में बी.एल.एड, बी.पी.एड, एम.पी.एड में प्रवेश का मौका कल तक है। जिन अभ्यर्थियों ने लवि की प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन किया था, वे सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

एडेड डिग्री कालेजों के शिक्षकों की मांगी वरिष्ठता सूची

लखनऊ विश्वविद्यालय ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर एडेड डिग्री कालेजों के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने के लिए कहा है। इसके लिए कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) अध्यक्ष डा. मनोज कुमार पांडेय ने एडेड कालेजों की वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग की है। लवि की परिनियमावली में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों में कालेजों के शिक्षकों को उनकी वरिष्ठता के आधार पर प्रतिनिधित्व मिलता है। पूर्व में भी वरिष्ठता सूची उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया था।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट में एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. अवधेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। इसमें हाई बीम ग्लोबल नॉलेज, ने रिसर्च एनालिस्ट के पद के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की। प्रो. अवधेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी कई कम्पनियां एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) के छात्रों के लिए भविष्य में छात्रों के प्रदर्शन बढ़ेगा।

बेटियों के खाते में सबसे अधिक स्वर्ण पदक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय

- **66वें दीक्षांत समारोह में 53 हजार छात्र-छात्राओं को मिलेंगी उपाधियां**

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में 66वें दीक्षांत समारोह के मौके पर गोल्ड मेडल पाने वाले मेधावियों की सूची गुरुवार को जारी कर दी गई। है। सूची के मुताबिक छात्रा निभा निरंजन को दो गोल्ड मेडल और कीर्ति सिंह को तीन गोल्ड मेडल दिए जायेंगे। लड़कों में उत्कर्ष ओझा को तीन गोल्ड मेडल मिलेंगे। इसके अलावा मानसी गुप्ता को तीन गोल्ड मेडल प्रदान किए जायेंगे। इस बार अधिक गोल्ड मेडल बेटियों के खाते में हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि 66वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार 53 हजार छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जायेंगी। उन्होंने कहा कि सभी एचओडी को दीक्षांत की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे दीक्षांत समारोह के दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद होंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटा लविवि

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय का 66वां दीक्षांत समारोह 6 दिसम्बर को आयोजित किया जाना है। जिसके लिए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के निर्देशन में वर्तमान सत्र में करीब 53000 छात्र-छात्राओं को विभिन्न संकायों के तमाम पाठ्यक्रमों में उपाधियां प्रदान की जायेंगी। इस बारे में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल और उप्र.शासन निर्देश के मुताबिक उक्त उपाधियों तथा उनके अंतिम सेमेस्टर के अंक पत्रों को भी डिजिलॉकर पर अपलोड किये जाने की कार्रवाई चल रही है। इन सभी उपाधियों एवं अंकपत्रों को कुलाधिपति के हाथों से दीक्षांत समारोह में डिजिलॉकर पर अपलोड करने की कार्रवाई किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिससे सम्बन्धित अभिलेखों का तत्काल अवलोकन संभव हो सके तथा इस बारे में लविवि स्तर पर कार्रवाई जारी है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

प्रबंधन के बताए गुर

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण ने ओरिएंटेशन सप्ताह का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक किया। कार्यक्रम के चौथे दिन विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान, गणित, फोरेंसिक विज्ञान, भूविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण विज्ञान, आणविक और मानव आनुवंशिकी विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरूआत प्रो. संगीता साहू अधिष्ठाता छात्र कल्याण के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने समग्र विकास पर जोर दिया और छात्रों को उनसे विवि की अपेक्षाओं के बारे में बताया। इसके अलावा, प्रो.विभूति राय डीन विज्ञान संकाय ने छात्रों को अनुसंधान, गहन शैक्षणिक माहौल और विवि द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिभाशाली और अनुभवी संकायों के तालमेल का सर्वोत्तम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद मुख्य प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने नवागंतुकों को अपने भाषण से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने भारतीय और विदेशी छात्रों के लिए उपलब्ध छात्रावास की प्रक्रिया और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ.सुनीता श्रीवास्तव अपर निर्देशिका संस्कृतिकी ने छात्रों के समग्र विकास के बारे में चर्चा की और उन विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जिनमें वे भाग लेंगे। आईसीसी प्रतिनिधि ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी और यह सुनिश्चित किया कि विवि एक ऐसा समुदाय बनाने और बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों ने दिया साक्षात्कार

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट में एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग)छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम निदेशक प्रो.अवधेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। इसमें हाई बीम ग्लोबल नॉलेज ने रिसर्च एनालिस्ट के पद के लिए कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की और वर्षानुमानित 5.50 लाख प्रति वर्ष की आकर्षक पैकेज प्रस्तुत किया। प्रो.अवधेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में और भी कई कम्पनियां एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) छात्रों के लिए भविष्य में उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और छात्रों को अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए वह लगातार प्रयासरत है।

सांस्कृतिक महोत्सव संस्कृति सुरभि की तैयारियां में जुटा एलयू

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। राजधानी के जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आयोजित होने वाला वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संस्कृति सुरभि की तैयारियां जोरों पर है। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की देखरेख में लविवि की स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 50 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें राजधानी के तमाम उच्च शिक्षण संस्थानों के बच्चे प्रतिभाग करके अपने प्रतिभा का जौहर दिखाते हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि दीक्षांत समारोह में 53 हजार को मिलेगी उपाधि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022-23 का दीक्षांत समारोह 06 दिसम्बर को आयोजित किया जाना है, जिसके लिए कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के निर्देशन में वर्तमान सत्र में लगभग 53 हजार छात्र-छात्राओ को विभिन्न संकायों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपाधियों दी जायेंगी। इस संदर्भ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं शासन के निर्देशानुसार इन उपाधियों एवं उनके अंतिम सेमेस्टर के अंक पत्रों को भी डिजीलाकर पर अपलोड किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है। इन समस्त उपाधियों एवं अंकपत्रों को कुलाधिपति के कर कमलों से दीक्षांत समारोह दिवस यानि 6 दिसंबर को डिजीलॉकर पर अपलोड करने की कार्यवाही किये जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

NBT PAGE 8

एलयू में संस्कृति सुरभि 31 अक्टूबर से

■ एनबीटी सं,लखनऊः एलयू न्यू कैंपस में वार्षिक खेल व सांस्कृतिक महोत्सव संस्कृति सुरभि की शुरुआत 31 अक्टूबर को होगी। आयोजन चार नवंबर तक किया जाएगा। महोत्सव में 50 से अधिक प्रतियोगिताएं होंगी। लखनऊ के उच्च शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स इसमें हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर निदेशक प्रो. वीडी सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. अनुराग श्रीवास्तव, लीगल सेल के डायरेक्टर प्रो. आनन्द विश्वकर्मा, कमेटी अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा ने तैयारियों का भी निरीक्षण किया।

JAGRAN CITY PAGE I

दीक्षा समारोह में 11 गोल्ड मेडल के लिए मेधावी चयनित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह के लिए गुरुवार को 11 गोल्ड मेडल के लिए चयनित मेधावियों की सूची जारी कर दी है। इनमें छात्रा कीर्ति सिंह, उत्कर्ष ओझा और मानसी गुप्ता को तीन-तीन और निभा निरंजन को दो गोल्ड मेडल के लिए चुन गया है।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में कुल 197 मेडल दिए जाएंगे, जिसमें 15 मेडल विश्वविद्यालय की तरफ से और 182 मेडल प्रायोजित हैं।

इन्हें मिलेंगे ये मेडल : निभा निरंजन : एमए की बेस्ट स्टूडेंट और एमए द्वितीय वर्ष इकोनामिक्स एवं सोशियोलजी में 84.79 प्रतिशत अंक के लिए रामेश्वर गुर्टू मेमोरियल गोल्ड मेडल, एमए इकोनमिक्स की मेरिट में प्रथम के लिए प्रो. बलजीत सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल।

कीर्ति सिंह : एम.काम द्वितीय वर्ष में 80.56 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम आने पर कैलाश नाथ भार्गव गोल्ड मेडल, एम.काम के कंबाइंड रिजल्ट में सर्वाधिक अंक के लिए लाला शंकर सहाय हर सहाय गोल्ड मेडल, एम.काम फाइनल में सर्वाधिक अंकों के लिए एनएन विद्यार्थी मेडल।

उत्कर्ष ओझा : एम.एस.एसी जियोलाजी प्रथम व द्वितीय वर्ष में मेरिट में पहले स्थान पर आने के लिए शांति देवी भाटिया मेमोरियल गोल्ड मेडल, एम.एस.एसी द्वितीय वर्ष जियोलाजी में सर्वाधिक अंक के लिए कैप्टन डा. वीके सक्सेना गोल्ड मेडल, पीजी स्तर पर सर्वाधिक अंक के लिए श्रीमती सरोज दयाल गोल्ड मेडल।

मानसी गुप्ता : एमए प्रथम व द्वितीय वर्ष में छात्राओं में सर्वाधिक अंक के लिए मंजू गोल्ड मेडल, एमए दोनों वर्ष में सर्वाधिक अंक के लिए श्रीमती दयामोय शर्मा मेमोरियल गोल्ड मेडल, एमए फाइनल अंग्रेजी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए श्रीमती कृष्णा सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की सूची, एमए की सर्वश्रेष्ठ छात्रा के लिए निभा निरंजन को मिलेगा गोल्ड मेडल

डिजिलाकर में अपलोड होंगी 53 हजार डिग्रियां

दीक्षा समारोह में इस बार 53 हजार छात्र-छात्राओ को डिग्रियां जाएंगी। यह सभी डिग्रियां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के एक क्लिक पर ही सभी डिग्रियां डिजिलाकर पर अपलोड हो जाएंगी। उसके बाद इसे छात्र-छात्राओ के पते पर भी डाक के माध्यम से भेजा जाएगा। इसकी तैयारी चल रही है। पिछले साल 43,000 डिग्रियां अपलोड की गई थीं।

THE PIONEER PAGE 3

ORIENTATION

The dean of students' welfare (DSW), Lucknow University, organised the second day of orientation programme for MA students. The programme commenced with a welcome address by DSW Prof Sangeeta Sahu, who stressed on the role of the orientation programme.